igrain India Pvt.Ltd.
The Complete Agri Solution
2181-A, Ist Floor, Raja Park, Main Rani Bagh Road, DELHI-110034

**02-नवम्बर-2024 से 08-नवम्बर-2024**

# जिंसों का घूमता आइना-जीरा

**(02-नवम्बर-2024 से 08-नवम्बर-2024)**

तमिलनाडु एवं केरल में भारी बारिश का सिलसिला जारी

दक्षिण भारत में भारी वर्षा का दौर जारी- रबी फसलों की बिजाई पर असर

दक्षिणी प्रायद्वीप में भारी वर्षा का दौर जारी

## साप्ताहिक समीक्षा-जीरा

नई दिल्ली। वर्तमान में जीरा बाजार में तेजी का दौर बना हुआ है। मगर सूत्रों का कहना है कि बाजार में अधिक तेजी संभव नहीं है क्योंकि उत्पादक केन्द्रों पर किसानों के पास अभी भी 30/35 प्रतिशत माल स्टॉक में है। जोकि भाव बढ़ने के साथ ही निकलना शुरू हो जाएगा। लेकिन बिजाई में विलम्ब होने के कारण चालू माह के दौरान कीमतों में मजबूती बनी रहेगी। तत्पश्चात दिसंबर माह में जीरा के भाव सीमित दायरे में बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष जीरा की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी आने के कारण चालू सीजन के लिए उत्पादक केन्द्रों पर बिजाई अधिक की गयी थी और बिजाई के पश्चात मौसम भी फसल के अनुकूल बना रहने से पैदावार भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। जिस कारण से नई फसल आने के पश्चात कीमतों में लगातार गिरावट बनी हुई थी और गुजरात की मंडियों में भाव घटकर 22000/24000 रुपए के स्तर पर आ गये थे। जबकि गत वर्ष जुलाई माह में भाव 63000/64000 रुपए का रिकॉर्ड स्तर छू गये थे।

## बिजाई में विलम्ब

जीरा के प्रमुख उत्पादक राज्य गुजरात में अभी भी तापमान अधिक होने के कारण जीरा की बिजाई का कार्य छिटपुट मात्रा में शुरू हुआ है जबकि आमतौर पर अक्टूबर माह के अंत में बिजाई का कार्य शुरू हो जाता। बिजाई में विलम्ब होने के कारण कई फसल की आवक में भी लगबघ एक माह का विलम्ब होगा। जानकारी सूत्रों का मानना है कि भाव कम होने एवं मौसम भी प्रतिकूल बना रहने के कारण इस वर्ष देश में बिजाई का क्षेत्रफल गत वर्ष की तुलना में कम रहेगा। गत वर्ष जीरा की बिजाई 12.64 लाख हेक्टेयर में की गयी थी जबकि वर्ष 2023 में बिजाई 7.73 लाख हेक्टेयर की रही थी।

## कीमतों में तेजी

चालू सप्ताह के दौरान वायदा एवं हाजिर बाजार में जीरा की कीमतें तेजी के साथ बोली गयीं। वायदा बाजार में नवम्बर माह का जीरा 23100 रुपए खुलने के पश्चात सप्ताह के अंत में 25490 रुपए पर बंद हुआ है जबकि दिसम्बर माह का जीरा 22970 रुपए खुलने के पश्चात सप्ताह के अंत में 25370 रुपए पर बंद हुआ है। वायदा के तेज समाचारों एवं बढ़ती निर्यात मांग के कारण चालू सप्ताह के दौरान उत्पादक केन्द्रों की मंडियों सहित खपत केन्द्रों पर भी जीरा का दाम 500/800 रुपए प्रति क्विंटल तेजी के साथ बोले गये।

## आवक कम

वर्तमान में उत्पादक केन्द्रों पर जीरा की दैनिक आवक कमजोर बनी हुई है। जानकर सूत्रों का कहना है कि त्यौहारी सीजन होने के कारण गुजरात की मंडियां एक सप्ताह तक बंद रहीं। लेकिन एक सप्ताह के पश्चात मंडियां खुलने के पश्चात भी मंडियों में आवक सीमित रही। वर्तमान में ऊंझा मंडी में जीरा की दैनिक आवक 10/11 हजार बोरी की चल रही है जबकि मांग अधिक होने के कारण व्यापार 17/18 हजार बोरी का ही रहा। राजस्थान की मेड़ता, नागौर, नोखा मंडी में मूंग एवं मोठ की आवक बढ़ने के कारण जीरा की आवक 800/1000 बोरी की रह गयी है। सूत्रों का कहना है कि कीमतों में वृद्धि होने के कारण आगामी दिनों में मंडियों में जीरा की आवक बढ़ने का अनुमान है।

## मंदा-तेजी

व्यापारियों का मानना है कि वर्तमान हालात को देखते हुए जीरा की वर्तमान कीमतों में मंदे की सम्भावना नहीं हो क्योंकि भाव कम होने से जीरा में निर्यात व्यापार बढ़ रहा है। क्योंकि टर्की, सीरिया में हालात ठीक नहीं होने के कारण भारतीय जीरा के निर्यात में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा बिजाई में विलम्ब होने के अलावा बिजाई भी गत वर्ष की तुलना में कम रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिस कारण अभी बाजार मजबूत ही बने रहेंगे। बिजाई की रिपोर्ट आने के पश्चात अधिक मंदा-तेजी का अनुमान लगाया जा सकता है।

## निर्यात अधिक

चालू वित्त वर्ष के दौरान जीरा के दाम में मंदा बना रहने के कारण जीरा निर्यात में शानदार वृद्धि दर्ज की गयी है। उल्लेखनीय है कि विगत चार वर्षों से जीरा निर्यात में गिरावट दर्ज की जा रही है लेकिन अभी तक निर्यात प्रदर्शन को देखते हुए सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि इस वर्ष जीरा निर्यात में वृद्धि दर्ज की गयी। मसाला बोर्ड द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) के प्रथम पांच माह अप्रैल-अगस्त के दौरान जीरा का निर्यात 70 हजार टन का रहा था। सितम्बर माह के दौरान भी जीरा निर्यात 17433 टन का किया गया है जबकि सितम्बर 2023 में निर्यात 7196 टन का रहा था।

प्राप्त आकड़ों के अनुसार वर्ष 2020-21 में जीरा निर्यात 298432 टन का रहा जोकि 2021-22 में घटकर 216971 टन का रह गया। वर्ष 2022-23 में निर्यात 186509 टन एवं वर्ष 2023-24 में 165269 टन का निर्यात हुआ।

## JEERA WEEKLY PRICE (IN RS. /QTL- ARRIVAL IN QTL)

| CITY | VARIETY | 02-Nov-24 | 04-Nov-24 | 05-Nov-24 | 06-Nov-24 | 07-Nov-24 | 08-Nov-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UNJHA | AVERAGE | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 22000/22300 | 22000/22500 | 22200/22800 |
| | MEDIUM | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 22300/22500 | 22500/22800 | 22500/23000 |
| | BEST | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 23000/23800 | 23200/24000 | 23500/24200 |
| | EXTRA | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 27000/27800 | 27000/28000 | 27000/28000 |
| | ARRIVAL | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 14000/15000 | 10000/11000 | 9000/10000 |
| JODHPUR | AVERAGE | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 22000/23500 | 22500/24000 | CLOSE |
| MUMBAI | MEDIUM | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 600 | 650 | CLOSE |
| | BEST | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 22000/23500 | 22500/24000 | 22500/24200 |
| DELHI | DOUBLE DEEPAK | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 800 | 1000 | 1600 |
| | MORE NILA | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 21000/24000 | 21000/24500 | 22000/24500 |
| | MORE HARA | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 300 | 250 | 125 |
| | 707 NO. | HOLIDAY | CLOSE | CLOSE | 22500/24000 | 22500/24500 | 22500/24500 |
| | MACHINECUT | HOLIDAY | 21000/23500 | 21500/23500 | 21500/23500 | 21500/23500 | 22000/24000 |
| | BEST | HOLIDAY | 100/200 | 100/200 | 100/200 | 100/200 | 100/200 |
| GONDAL | AVERAGE | HOLIDAY | 21500/24000 | 21500/24000 | 22000/24500 | 22500/24800 | 22500/25000 |
| | ARRIVAL | HOLIDAY | 400 | 500 | 700 | 700 | 1000 |
| RAJKOT | AVERAGE | HOLIDAY | 22000/24200 | 22000/24200 | 22000/24500 | CLOSE | 23000/25000 |
| | ARRIVAL | HOLIDAY | 600 | 600 | 600 | CLOSE | 1500 |
| JAMJODHPU | AVERAGE | HOLIDAY | 26000/27500 | 26000/27500 | 26000/26500 | 26000/26500 | 26000/26500 |
| | ARRIVAL | HOLIDAY | 31000/32000 | 31000/32000 | 31000/31500 | 31000/31500 | 31000/31500 |
| NOKHA | AVERAGE | HOLIDAY | 27000 | 27000 | 27500 | 27500 | 27500 |
| | ARRIVAL | HOLIDAY | 27500 | 27500 | 28000 | 28000 | 28000 |
| NAGAUR | AVERAGE | HOLIDAY | 28000 | 28000 | 28500 | 28500 | 28500 |
| | ARRIVAL | HOLIDAY | 29000 | 29000 | 29500 | 29500 | 29500 |
| MERTA CITY | AVERAGE | HOLIDAY | 30000 | 30000 | 30000 | 30000 | 30000 |
| | ARRIVAL | HOLIDAY | 30000/37000 | 30000/37000 | 30000/37000 | 30000/37000 | 30000/37000 |

| INDIA EXPORT FIGURES IGRAIN INDIA 9350141815 | | |
|---|---|---|
| HS CODE | 090932 | |
| NAME | SEEDS OF CUMIN: CRUSHED OR GROUND | |
| MONTH | 2023 | 2024 |
| APR | 803.0 | 1,155.46 |
| MAY | 1,109.2 | 1,364.07 |
| JUN | 1,151.7 | 1,797.81 |
| JUL | 1,107.3 | 1,678.20 |
| AUG | 1,427.9 | 1,818.80 |
| SEP | 1,230.9 | |
| OCT | 1,277.5 | |
| NOV | 927.7 | |
| DEC | 1,168.8 | |
| JAN | 835.6 | |
| FEB | 916.9 | |
| MAR | 1,123.8 | |
| TOTAL | 13,080 | 7,814 |
| APR-AUG | 5,599 | 7,814 |
| CHANGE | 2,215 | |
| Apr-Mar 23 | 38,319 | |
| Apr-Mar 22 | 28,642 | |
| DIFFERENCE | 9,677 | |

| INDIA EXPORT FIGURES IGRAIN INDIA 9350141815 | | |
|---|---|---|
| HS CODE | 090931 | |
| NAME | SEEDS OF CUMIN: NEITHER CRUSHED NOR GROUND | |
| MONTH | 2023 | 2024 |
| APR | 16,281.9 | 38,004.11 |
| MAY | 24,794.4 | 20,856.87 |
| JUN | 9,259.4 | 14,805.11 |
| JUL | 7,190.5 | 17,403.93 |
| AUG | 6,653.7 | 12,544.44 |
| SEP | 5,959.9 | |
| OCT | 6,228.0 | |
| NOV | 8,099.3 | |
| DEC | 12,234.3 | |
| JAN | 12,395.6 | |
| FEB | 10,965.6 | |
| MAR | 32,126.7 | |
| TOTAL | 1,52,189 | 1,03,614 |
| APR-AUG | 64,180 | 1,03,614 |
| CHANGE | 39,435 | |
| Apr-Mar 23 | 38,319 | |
| Apr-Mar 22 | 28,642 | |
| DIFFERENCE | 9,677 | |

## तमिलनाडु एवं केरल में भारी बारिश का सिलसिला जारी

तिरुअनन्तपुरम। देश के सुदूर दक्षिण राज्यों- खासकर तमिलनाडु एवं केरल में उत्तर-पूर्व मानसून की सक्रियता एवं अरब सागर के ऊपर बनने वाले साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण पिछले कई दिनों से रूक-रूक कर मूसलाधार बारिश हो रही है जिससे न केवल जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है बल्कि रबी फसलों की बिजाई पर भी असर पड़ने की आशंका है। 'मसालों का प्रदेश' के नाम इस विख्यात केरल में अभी छोटी इलायची समेत कुछ अन्य मसालों के उत्पादन का सीजन चल रहा है जबकि अगले महीने से कालीमिर्च की नई फसल की तुड़ाई-तैयारी आरंभ होने वाली है। उधर तमिलनाडु में रबी कालीन फसलों की बिजाई का सीजन चल रहा है। लेकिन बारिश का दायरा काफी हद तक इन दोनों राज्यों में ही सीमित है और आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तेलंगाना जैसे प्रांतों में वर्षा नहीं या नगण्य हो रही है। महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल में भी पिछले कई दिनों से अच्छी वर्षा नहीं हुई है। दाना समुद्री चक्रवाती तूफान के समय बारिश हुई थी। देश के अन्य प्रांतों में मौसम शुष्क बना हुआ है और तापमान में गिरावट आ रही है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार तथा मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में रबी फसलों की बिजाई जोर पकड़ने लगी है जबकि खरीफ फसलों की कटाई-तैयारी की गति भी तेज हो गई है। गेहूं, चना, सरसों, जौ, मसूर एवं मटर सहित अन्य फसलों की खेती में किसानों की सक्रियता बनी हुई है। ऊंचे बाजार भाव को देखते हुए इस बार खासकर गेहूं एवं चना के बिजाई क्षेत्र में अच्छी बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है जबकि सरसों, मसूर एवं मटर का क्षेत्रफल पिछले साल के आसपास ही रहने की संभावना है। रबी सीजन में उड़द एवं मूंग तथा मूंगफली आदि की खेती भी की जाती है।


## दक्षिण भारत में भारी वर्षा का दौर जारी- रबी फसलों की बिजाई पर असर

तिरुअनन्तपुरम। मन्नार की खाड़ी में गहरा सर्कुलेशन बनने से दक्षिण भारत के प्रायद्वीपीय भाग तथा तमिलनाडु के दक्षिणी क्षेत्र में पिछले दिनों जोरदार बारिश हुई जबकि वहां अगले 2-3 दिनों तक भारी वर्षा का सिलसिला जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश हुई है मगर देश के अन्य भागों में वर्षा होने की खबर नहीं है। तमिलनाडु और केरल में बारिश का दौर जारी है जबकि अन्य राज्यों में आसमान साफ रहने की संभावना है। एक मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 3 से 7 नवम्बर के दौरान देश के पूर्वी एवं पश्चिमोत्तर राज्यों में उच्चतम एवं न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इससे किसानों को रबी फसलों की बिजाई में अच्छी सहायता मिलेगी मगर दक्षिण भारत में भारी वर्षा होने से खेतों में पानी भर गया है या नमी का अंश बहुत ज्यादा बढ़ गया है इसलिए वहां फसलों की बिजाई में बाधा पड़ सकती है। रबी कालीन धान की रोपाई के लिए यह बारिश अनुकूल है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक दोआब क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री घट चुका है। कुल मिलाकर राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं दक्षिणी दोआब क्षेत्र में अब भी तापमान सामान्य स्तर से 2-4 डिग्री ऊपर चल रहा है जिसमें आगे गिरावट आने की उम्मीद है। इससे खेतों की मिटटी से नमी सूखने की गति धीमी पड़ जाएगी। कहीं-कहीं तापमान में ज्यादा गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु एवं केरल में अत्यन्त भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी करते हुए लोगों को यथा संभव घरों में ही रहने की सलाह दी है।

## दक्षिणी प्रायद्वीप में भारी वर्षा का दौर जारी

तिरुअनंतपुरम। देश के दक्षिणी प्रायद्वीप क्षेत्र में पिछले अनेक दिनों से भारी बारिश हो रही है और अगले कुछ दिनों तक इसका सिलसिला बरकरार रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक शीतकालीन (उत्तर-पूर्व) मानसून सीजन के दौरान 1 अक्टूबर से 4 नवम्बर के बीच दक्षिणी प्रायद्वीप में सामान्य औसत से 7 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। हालांकि भयंकर चक्रवाती समुद्री तूफान 10 दिन पहले ही आकर गुजर चूका है मगर सीजनल पूर्वी-उत्तर पूर्वी हवा का परवाह अभी जारी है जिससे आगे भी बारिश होने का आसार है। दूसरी ओर उत्तरी भारत में उच्चतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट आने लगी है। गंगा-सिंधु के मैदानी भाग में धीरे-धीरे पतझड़कालीन सीजन नजदीक आने लगा है। देश के पश्चिमोत्तर, मध्यवर्ती एवं उत्तरी तथा पूर्वोत्तर राज्यों में तापमान में फ़िलहाल बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आया है। वस्तुतः इन क्षेत्रो में अब भी उच्चतम तापमान सामान्य स्तर से 2-4 डिग्री सेल्सियस ऊंचा चल रहा है। चालू सप्ताह के आरम्भ में पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ भागो (वाराणसी एवं गोरखपुर) तथा पश्चिम बंगाल के मैदानी भाग (बैरकपुर) में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। इससे पूर्वोत्तर भारत को मध्यवर्ती भारत से जोड़ने वाले कोरिडोर और पूर्वी तथा पूर्वोत्तर राज्यों के सम्पर्क मार्ग पर अगले दो महीनो तक सामान्य या घने कोहरे का नया दौर शुरू होने की संभावना है। यह मौसमी कारक अक्सर इस क्षेत्र को प्रभावित करता है। उधर दक्षिण भारत की बात करे तो दक्षिण-पूर्वी अरब सागर के ऊपर मौजूद एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन आगे बढ़ गया है जिससे केरल के दक्षिणी भाग तथा तमिलनाडु में सामान्य से लेकर भारी वर्षा हो रही है। एक अन्य साइक्लोनिक सर्कुलेशन आगे बढ़ गया है जिससे केरल के दक्षिणी भाग तथा तमिलनाडु में सामान्य से लेकर भारी वर्षा हो रही है। एक अन्य साइक्लोनिक सर्कुलेशन का निर्माण बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी-पूर्वी भाग के ऊपर हो चूका है। इसकी भविष्यवाणी मौसम विभाग पहले ही कर चूका था। इस सर्कुलेशन से एक टफ दक्षिणी तमिलनाडु की ओर बढ़ रहा है जिससे चालू सप्ताह के दौरान वहां बारिश हो सकती है।


Jeera Futures, 30, NCDEX 25,370 +130 (+0.52%)
Vol 63


Jeera Mini Futures, 30, NCDEX 24,195.000 +895.000 (+3.84%)
Vol 1


Jeera - Jodhpur Spot, 30, NCDEX 25,600.00 −50.00 (−0.19%)
Vol: The data vendor doesn't provide volume data for this symbol.

# igrain India Pvt.Ltd.

The Complete Agri Solution

2181-A, Ist Floor, Raja Park, Main Rani Bagh Road, DELHI-110034

## NCDEX SPICE WEEKLY CLOSING REPORT

### IGRAIN INDIA DELHI 9350141815

| 04-11-24 | 05-11-24 | 06-11-24 | 07-11-24 | 08-11-24 |
|---|---|---|---|---|
| NCDEX | NCDEX | NCDEX | NCDEX | NCDEX |
| CORIANDER | CORIANDER | CORIANDER | CORIANDER | CORIANDER |
| NOV | NOV | NOV | NOV | NOV |
| CLOSE: 7206-28 | CLOSE: 7210+6 | CLOSE: 7180-34 | CLOSE: 7150-28 | CLOSE: 7050-98 |
| OPEN: 7250 | OPEN: 7220 | OPEN: 7224 | OPEN: 7138 | OPEN: 7132 |
| HIGH: 7276 | HIGH: 7250 | HIGH: 7250 | HIGH: 7180 | HIGH: 7146 |
| LOW: 7130 | LOW: 7164 | LOW: 7160 | LOW: 7074 | LOW: 7020 |
| | | | | |
| DEC | DEC | DEC | DEC | DEC |
| CLOSE: 7438-16 | CLOSE: 7444+14 | CLOSE: 7434-10 | CLOSE: 7414-16 | CLOSE: 7310-102 |
| OPEN: 7410 | OPEN: 7432 | OPEN: 7452 | OPEN: 7384 | OPEN: 7396 |
| HIGH: 7448 | HIGH: 7478 | HIGH: 7492 | HIGH: 7444 | HIGH: 7418 |
| LOW: 7332 | LOW: 7390 | LOW: 7410 | LOW: 7344 | LOW: 7288 |
| | | | | |
| JEERA | JEERA | JEERA | JEERA | JEERA |
| NOV | NOV | NOV | NOV | NOV |
| CLOSE: 23800-215 | CLOSE: 23875+50 | CLOSE: 24770+885 | CLOSE: 25270+465 | CLOSE: 25490+170 |
| OPEN: 23100 | OPEN: 23700 | OPEN: 23650 | OPEN: 25110 | OPEN: 25470 |
| HIGH: 24100 | HIGH: 23985 | HIGH: 25030 | HIGH: 25500 | HIGH: 25745 |
| LOW: 23100 | LOW: 23660 | LOW: 23650 | LOW: 24800 | LOW: 24935 |
| | | | | |
| DEC | DEC | DEC | DEC | DEC |
| CLOSE: 23665-260 | CLOSE: 23655-70 | CLOSE: 24575+875 | CLOSE: 25110+525 | CLOSE: 25370+230 |
| OPEN: 22970 | OPEN: 23600 | OPEN: 23625 | OPEN: 24690 | OPEN: 25285 |
| HIGH: 23845 | HIGH: 23800 | HIGH: 24805 | HIGH: 25375 | HIGH: 25660 |
| LOW: 22970 | LOW: 23525 | LOW: 23625 | LOW: 24630 | LOW: 24910 |
| | | | | |
| TURMERIC | TURMERIC | TURMERIC | TURMERIC | TURMERIC |
| DEC | DEC | DEC | DEC | DEC |
| CLOSE: 12724-72 | CLOSE: 12840+108 | CLOSE: 13114+272 | CLOSE: 13120-56 | CLOSE: 13188+96 |
| OPEN: 12680 | OPEN: 12780 | OPEN: 12810 | OPEN: 13396 | OPEN: 13130 |
| HIGH: 12890 | HIGH: 13024 | HIGH: 13422 | HIGH: 13396 | HIGH: 13230 |
| LOW: 12424 | LOW: 12750 | LOW: 12764 | LOW: 13050 | LOW: 13092 |
| | | | | |
| APR | APR | APR | APR | APR |
| **CLOSE: 13378-26** | **CLOSE: 13628+212** | **CLOSE: 13844+208** | **CLOSE: 13850-32** | **CLOSE: 13870+44** |
| OPEN: 13300 | OPEN: 13500 | OPEN: 13690 | OPEN: 13900 | OPEN: 13600 |
| HIGH: 13500 | HIGH: 13760 | HIGH: 14180 | HIGH: 14050 | HIGH: 13914 |
| LOW: 13112 | LOW: 13500 | LOW: 13556 | LOW: 13782 | LOW: 13600 |

+91 9350141815 • igrainind@gmail.com